दैनिक भास्कर बिलासपुर भास्कर 21-08-2025

**बदलाव** • हाई कोर्ट की सख्ती के बाद अभी 6 रूटों पर चल रही हैं 6 सिटी बसें, 4 बसों को मरम्मत करने भेजा गया

# अब अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी चलाएगी सिटी बस, सन मेगा वेंचर का एग्रीमेंट रद्द, 50 लाख जब्त

दीपक देवांगन | बिलासपुर

शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को सुधारने के उद्देश्य से बिलासपुर नगर निगम ने बड़ा कदम उठाया है। निगम ने सन मेगा वेंचर कंपनी के साथ सिटी बस संचालन को लेकर किया गया एग्रीमेंट निरस्त कर दिया है और 50 लाख रुपए की अमानत राशि को राजसात करने का आदेश जारी किया है। साथ ही, कंपनी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की भी तैयारी की जा रही है। अब सिटी बसों का संचालन बिलासपुर जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी के हवाले कर दिया गया है, जो फिलहाल 6 रूटों पर सिटी चल रहा है। 4 बसों को रिपेयरिंग के लिए भेजा गया है। अर्बन सोसाइटी मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन कर रही है, अब सिटी बस भी सोसाइटी की जिम्मेदारी है। सिटी बसों में डीजल से लेकर ड्राइवर और कंडक्टरों को पेमेंट की जिम्मेदारी सोसाइटी की होगी। नगर निगम ने यह कार्रवाई तब की जब सन मेगा वेंचर बार-बार चेतावनी के बावजूद सिटी बसों का संचालन शुरू करने में फेल रही। तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी न तो कंपनी ने बसों का संचालन प्रारंभ किया और न ही आवश्यक मरम्मत कार्य पूरे किए। इससे शहर की आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

## सोसाइटी के पास मोबाइल मेडिकल यूनिट की भी जिम्मेदारी



कोनी स्थित डिपो में 34 से अधिक सिटी बसें कबाड़ हो रही हैं। अधिकांश मरम्मत के लायक भी नहीं बचीं।

### इन रूट पर चल रहीं बसें

फिलहाल बिलासपुर जिला अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी ने कुल 6 सिटी बसों को चालू किया है। ये बसें रेलवे स्टेशन से कोटा, बिल्हा, तखतपुर, बिरकोना, लमेर और रतनपुर रोड तक चल रही हैं। इन बसों में हल्की मरम्मत की जरूरत थी, जिसे अब पूरा कर लिया गया है। वहीं, 4 अन्य सिटी बसों को रिपेयरिंग के लिए भेजा गया है, जो मरम्मत के बाद जल्द ही सेवा में शामिल हो जाएंगी। निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि अब कोई भी निजी कंपनी सिटी बसों को लेकर मनमानी नहीं कर सकेगी। अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी के जरिए सेवा संचालन से पारदर्शिता और जवाबदेही दोनों सुनिश्चित की जाएगी।

### हाई कोर्ट की सख्ती का असर

हाई कोर्ट की सख्ती के बाद निगम प्रशासन ने सिटी बस सेवा में सुधार और बदलाव पर ध्यान दिया। सन मेगा वेंचर के खिलाफ की गई सख्त कार्रवाई से अन्य कंपनियों को भी चेतावनी मिली है कि तय समय पर काम न करने पर अनुबंध रद्द किए जा सकते हैं और कार्रवाई भी की जा सकती है। शहर में लगातार बढ़ रही जनसंख्या और यातायात की जरूरतों को देखते हुए निगम ने अब सिटी बस सेवा को प्राथमिकता दी है। अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी के संचालन में यह व्यवस्था और अधिक पारदर्शी, सुगम और जवाबदेह बनने की उम्मीद जताई जा रही है।

### सन मेगा वेंचर का एग्रीमेंट निरस्त कर दिया गया है

*सिटी बस सेवा का संचालन करने वाली कंपनी सन मेगा वेंचर के साथ एग्रीमेंट को निरस्त कर दिया गया है। 50 लाख की अर्नेस्ट मनी को राजसात किया जाएगा। अब बिलासपुर अरबन पब्लिक सर्विस सोसाइटी को जिम्मा दिया गया है। अभी 6 रूटों पर 6 बसें चल रही है, 4 बस को रिपेयरिंग के लिए भेजा गया है।*
– **अनुपम तिवारी,** नोडल अफसर, सिटी बस सेवा

**नई सुविधा भी जल्द**

## ई- बस सेवा के लिए 3 माह और इंतजार, दिसंबर में पहुंचेगी शहर

ई-बस सेवा के लिए शहरवासियों को अभी तीन माह इंतजार करना पड़ेगा। शहर को 35 बड़ी और 15 छोटी पीएम ई-बसें, यानी कुल 50 बसें मिलेंगी। पहली खेप में 15 बसें दिसंबर तक आएंगी। कोनी में डिपो के साथ 13 चार्जिंग स्टेशन, वर्कशॉप, सिटी बस टर्मिनल और ऑफिस का काम 11 करोड़ की लागत पर हो रहा है। दिसंबर में काम पूरा हो जाएगा।

### इन 6 रूटों पर ई-बसें चलने की संभावना

**1. पहला रूट:** रेलवे स्टेशन, तारबाहर चौक से पुराना हाईकोर्ट होते हुए गांधी चौक, दयालबंद, जगमल चौक, तोरवा गुरुनानक चौक, पुराना पावर हाउस, देवरीखुर्द, लाल खदान, महमंद, ढेका, दर्रीघाट, मस्तूरी होते हुए मल्हार तक।

**2. दूसरा रूट:** रेलवे स्टेशन से मंदिर चौक होकर महाराणा प्रताप चौक, तोरवा, हाइटेक बस स्टैंड, परसदा, हाई कोर्ट के सामने बोदरी, नया पारा मोड़, चकरभाठा, हिर्री, बिल्हा मोड़ होते हुए बिल्हा तक।

**3. तीसरा रूट:** बिलासपुर रेलवे स्टेशन से मंदिर चौक, नेहरू चौक, महामाया चौक, कोनी, सेंट्रल यूनिवर्सिटी, सेंदरी, गतौरी, भरारी, रानीगांव, रतनपुर होते हुए खूंटाघाट तक।

**4. चौथा रूट:** बिलासपुर रेलवे स्टेशन में मंदिर चौक, नेहरू चौक, महामाया चौक, सुभाष चौक, नूतन चौक, राजस्व कॉलोनी चौक, एसईसीएल मुख्यालय के सामने से वसंत विहार गेट, राजकिशोर नगर, मोपका, लगरा, जांजी, सीपत, गुड़ी, पंधी, धनिया, कौड़िया होते हुए लुतरा शरीफ तक।

**5. पांचवां रूट:** बिलासपुर रेलवे स्टेशन से मंदिर चौक, नेहरू चौक, कलेक्टोरेट, मुंगेली नाका चौक, मंगला नाका, उसलापुर, सकरी, भरनी, परसदा, गनियारी, नेवरा, भुंडा, मोहनभाठा, पीपरतराई होते हुए कोटा तक।

**6. छठवां रूट:** बिलासपुर रेलवे स्टेशन से मंदिर चौक, नेहरू चौक, कलेक्टोरेट, मंगला नाका चौक तक।